Regarding opening of an International level Research and Development Training Centre for glass industry in Firozabad Parliamentary Constituency-laid

डॉ. चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश की तरफ आकर्षित करते हुए निवेदन करना चाहूंगा कि फिरोजाबाद कांच उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में एक अपना अलग स्थान रखता है । यहां के कांच उत्पाद एवं चूड़ियां विश्व के देशों में कोने-कोने तक भेजे जाते हैं । मेरा अनुरोध है कि कांच उद्योग को विश्व स्तर पर प्रथम स्थान पर रखने के लिए एक विश्व स्तरीय रिसर्च एवं अनुसंधान केंद्र तथा ट्रेनिंग सेंटर के रूप में सेंटर आफ एक्सीलेंस वैज्ञानिक एवं अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), आईआईटी, (बीएचयू) वाराणसी के सेरेमिक एवं मेटालर्जी डिपार्टमेंट तथा लघु उद्योग मंत्रालय भारत सरकार एवं कमर्स मिनिस्ट्री भारत सरकार मिलकर खोले जाने की पहल करें ।